संख्या–cm-15
06/01/2021

मुख्यमंत्री ने एन0एम0सी0एच0 में तैयार किये गये कोरोना वैक्सीन स्टोरेज यूनिट का किया निरीक्षण

पटना, 06 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कोरोना वैक्सीन के स्टोरेज के लिये तैयार की गयी यूनिट का निरीक्षण किया। कोविड–19 वैक्सीन के लिए बने वाक–इन–फ्रीजर–2 स्टोर, वाक–इन–कूलर–4 स्टोर, कोविड वैक्सीन रूम, विजिटर लॉबी और वैक्सीन डिस्पोजल किए जाने वाले स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री प्रत्यय अमृत ने आमलोगों को वैक्सीनेशन देने, वैक्सीन तथा उससे जुड़ी सामग्रियों के रखरखाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन यानी टीकाकरण की पूरी तैयारी कर ली गई है, इसके लिए प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने देश में जो वैक्सीन बनाया गया है, उसका इस्तेमाल किया जाएगा। वैक्सीन के रखरखाव और टीकाकरण के लिए जरुरी सिरींज बड़ी संख्या में आ चुकी है। यहां से दस जगहों पर वैक्सीन और उसकी सामग्री भेजी जाएगी। वहॉ से सभी जिलों में और वहॉ से जहां भी जरूरत होगी उसे भेजा जाएगा। उसकी तैयारियों को हम देखने के लिए आज यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से वैक्सीन उपलब्ध होने के बाद केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार वैक्सीनेशन शुरू होगा। सबसे पहले प्राथमिकता के अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स फिर उसके बाद सभी लोगो को वैक्सीन दी जायेगी। इसके लिए अभी कोई तिथि निर्धारित नहीं की गयी है लेकिन हम ये मानकर चल रहे है कि इसी महीने में टीकाकरण का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यहां पर पूरी तैयारी है इसके रखरखाव के लिए पूरा इक्यूपमेंट मौजूद है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा वैक्सीनेशन के लिए डेढ़ से दो करोड़ सिरींज आ चुका है। किसी प्रकार कि कोई दिक्कत नहीं होगी।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सीता साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, प्रबंध निदेशक बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना कारपोरेशन लिमिटेड श्री प्रदीप कुमार झा, कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति श्री मनोज कुमार, एन0एम0सी0एच0 के अधीक्षक डॉ0 विनोद कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेंद्र शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******